आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.04.2025 समय : 705

<><><><><><><><>

- श्री विजयपुरम से हटबे सेक्टर के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग की सेवा शुरू।
- अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम अनिडकों ने कच्चे दूध की खरीद की कीमत में संशोधन किया है।
- आज गुड फ्राइडे है—द्वीपों के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं।
- श्री विजयापुरम के मरीना पार्क में 'दो दिवसीय ईट राइट मेला' का आयोजन।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम से हटबे सेक्टर के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग अप्लीकेशन की शुरूआत की गई है। दक्षिण अंडमान के अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट विनायक चमाड़िया ने कल ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग अप्लीकेशन का उद्घाटन किया। इस ऑनलाइन प्लेटफार्म के शुरू होने से नागरिक अब डी सी श्री विजयपुरम पोर्टल या क्यू आर कोड को स्कैन कर आवेदन जमा कर सकते हैं। एडीएम ने कहा कि ज़िला प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों को डिजिटल प्लेटफार्म का लाभ देना है।

<><><><><><><>

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह एकीकृत विकास निगम अनिडकों ने कच्चे दूध की खरीद की कीमत में संशोधन किया है और अपने डेयरी उत्पादों की खुदरा कीमतों को अद्यतन किया है। स्थानीय डेयरी किसानों की लम्बे समय से चली आ रही मांग के जबाव में और उनकी आजीविका का समर्थन करने तथा द्वीपों में दूध उत्पादन की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनिडकों ने कच्चे दूध की खरीद कीमत बावन रूपए से बढ़ाकर छप्पन रूपए प्रति लीटर कर दी है, जो एक मई से प्रभावी होगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हाल ही में मध्य अण्डमान के रंगत स्थित सहायक आयुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रेन्स हॉल में छूटे हुए पात्र कारीगरों और शिल्पकारों को नामांकित करने के लिए एक विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सहायक आयुक्त विकास कुमार के मार्गदर्शन और अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के उद्योग उप–निदेशक के नेतृत्व में किया गया। इस

कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी, प्रशासनिक कर्मचारियों और पंचायती राज सदस्यों सहित बडी संख्या में पारंपरिक कारीगर शामिल हुए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के ज़िला योजना समिति बैठक में दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्षा एम रजनी ने आगामी सात वर्षों की रणनीति, दो हजार पच्चीस–छब्बीस की वार्षिक कार्य योजना के मसौदे पर विस्तार से चर्चा की। इसमें कैम्पबेल बे राजस्व क्षेत्र सहित दक्षिण अंडमान ज़िले के विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में ज़िला प्रशासन, ग्रामीण विकास, शहरी निकाय, आपदा प्रबंधन, समाज कल्याण, नागरिक आपूर्ति, विद्युत, जहाजरानी, पोत प्रबंधन बोर्ड, उद्योग एवं जनजातीय कल्याण विभाग की वार्षिक कार्य योजना पर विचार किया गया। इसके साथ ही सांसद, समिति के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा विभिन्न सुझाव और सिफारिशे दी गई, जिन्हें संबंधित विभागों की अंतिम योजना में शामिल कर शीघ्र क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से कन्यापुरम ग्राम पंचायत में 'हस्तशिल्प– नारियल के खोल, लकड़ी और बेंत एवं बांस के उत्पाद' पर केंद्रित पन्द्रह दिवसीय अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में कन्यापुरम ग्राम पंचायत के प्रधान पी. अब्दुल बशीर मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने में विभाग की मजबूत समर्थन प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में पैंतीस प्रशिक्षुओं को नामांकित किया गया है, जिन्हें पारंपरिक हस्तशिल्प बनाने के लिए आवश्यक कौशल पर जानकारी प्रदान की जाएगी। इस पहल से स्व–रोजगार को बढ़ावा देने और कारीगरों को बाजार–प्रासंगिक कौशल के साथ सशक्त बनाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><>

आज गुड फ्राइडे है। आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। यह दिन यीशु मसीह की क्रुस पर चढ़ने और उनके मृत्यु के साथ जुडा हुआ है। गुड फ्राइ–डे के दिन का पालन विशेष रूप से यीशु मसीह के बलिदान के प्रति दुख प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। इस सिलसिले मे आज द्वीपों के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही है।

<><><><><><><>

खाद्य सुरक्षा विभाग श्री विजयापुरम के मरीना पार्क में 'दो दिवसीय ईट राइट मेला' आयोजित करेगा। यह मेला कल से शुरू होगा, जिसमें बाजरे के उपभोग को बढ़ावा देना समर्पित है। मेले में आने वाले आगंतुकों को स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थापित विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टॉल देखने का अवसर मिलेगा। ये स्टॉल स्वादिष्ट और पौष्टिक बाजरा–आधारित उत्पादों की एक रोमांचक श्रृंखला का प्रदर्शन और बिक्री करेंगे। यह मेला आम जनता और पर्यटकों के लिए शाम पांच बजे से नौ बजे तक खुली रहेगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से सिप्पीघाट और गाराचरमा फार्म में एग्रो इको वॉक आम जनता के लिए इक्कीस अप्रैल से खोला जा रहा है। इस सिलसिले में क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी चाकुरकर ने एग्रो इको वॉक के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा–

एग्रो इको वॉक सोमवार से शनिवार तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच खुला रहेगा। प्रवेश टिकट संबंधित फार्म परिसर में बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध होंगे। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध कृषि–जैव विविधता और वैज्ञानिक खेती प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन की ओर से "मूल्य शिक्षा और इसके कार्यान्वयन" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। करेगा। यह संगोष्ठी मिशन के सभागार में बीस अप्रैल को सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य भूमि के जाने–माने शिक्षाविद् संगोष्ठी में भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने संगोष्ठी के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण – सीसीपीए ने पिछले तीन वर्षों में आईआईटी–जेईई और नीट से संबंधित कोचिंग सेंटरों को भ्रामक दावों के लिए नोटिस जारी किए हैं। प्राधिकरण ने इस अवधि के दौरान चौबीस कोचिंग सेंटरों पर पचहत्तर लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने कोचिंग सेंटरों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>